लापरवाही | एक करोड़ की लागत से बन रहा मैदान, एसडीएम ने वास्तविक स्थिति का जायजा लिया, ठेकेदार को दी चेतावनी

खेल मैदान के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल

नवभारत,सिंग्रामपुर 18 मार्च। अखवारों में प्रकाशित खबरों का एक करोड़ के खेल मैदान में तलैया खबर का असर अब प्रशासनिक कार्रवाई के रूप में सामने आया है। खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और सिंग्रामपुर में आरईएस विभाग द्वारा करीब एक करोड़ की लागत से निर्माणाधीन रानी दुर्गावती खेल मैदान का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान एसडीएम तेंदूखेड़ा छोटी गिरी गोस्वामी स्वयं मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, उसने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। मैदान में मानकों के विपरीत पीली मिट्टी और पत्थर डाले गए थे, वहीं कई हिस्सों में कार्य अधूरा और लापरवाहीपूर्ण पाया गया।

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हालात को देखते हुए एसडीएम ने मौके से ही ठेकेदार को फोन लगाकर कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, अन्यथा भुगतान रोककर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निगरानी बढ़ाने के दिए निर्देश

एसडीओ शिवाजी सिंह को विशेष रूप से निगरानी बढ़ाने और कार्य को मानक अनुसार कराने की हिदायत दी गई।ग्रामीणों द्वारा पहले ही आरोप लगाए गए थे कि मैदान में तलैया की अमानक मिट्टी डाली गई है और जांच से पहले ही रातों-रात मिट्टी फैलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। इस पूरे मामले को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

कई अनियमितताएं पायी गईं

निरीक्षण के दौरान कमजोर गेट निर्माण, मैदान में फैले पत्थर और अधूरे कार्य ने भविष्य में संभावित हादसों की आशंका भी बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने हायर सेकेंडरी स्कूल के टूटे टैंक की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी, जिस पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने बताया कि अखबारों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से मामला संज्ञान में आया था। मौके पर निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गई हैं।

निर्देशों का पालन नहीं किया तो भुगतान रोका जाएगा- उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो भुगतान रोकने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाएगा। प्रशासन ने दो टूक कहा है कि जब तक निर्माण एजेंसी तय मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करती, तब तक ग्राम पंचायत खेल मैदान को हैंडओवर नहीं लेगी। गौरतलब है कि जबेरा क्षेत्र के अन्य निर्माण कार्यों में भी पूर्व में इसी ठेकेदार पर गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ चुके हैं, जहां बाउंड्री वॉल में दरारें और शौचालय की दीवारें झुकने जैसी शिकायतें सामने आई थीं।

बटरी बीट के जंगल में भड़की आग

▸ वन विभाग का अमला आग बुझाने में जुटा

कुम्हारी नवभारत 18 मार्च। सगोनी वन परिक्षेत्र से जुड़े पड़री बीट के जंगल में आग लगने का घटनाक्रम सामने आया है। यह क्षेत्र दमोह-कटनी हाईवे से जुड़ा है। तेज हवा के चलते जंगल में आग तेजी फैली और ऊंची-ऊंची लपटे नजर आयी। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर डिप्टी रेंजर मुकेश पारासर सहित टीम द्वारा आग बुझाने प्रयास किया जा रहा है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंजर अखिलेश चौरसिया ने कहा कि जल्द ही टीम भेज कर दिखाते हैं। गर्मी का तो अभी सफर शुरू हुआ है और जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया। जंगलों को आग से बचने के लिए जागरूकता और सक्रियता आवश्यक है। राहगीर अक्सर हाईवे पर जलती बीड़ी, सिगरेट फेंक देते हैं, जिससे आग लग जाती है और जंगल जलकर खाक हो जाते हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि इस तरह की आग घटना नजर आए तत्काल वन विभाग को सूचित करें ताकि आग पर समय रहते काबू पाया जा सके।

शीतला माता मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत,पटेरा। थाना क्षेत्र के ग्राम वमनपुरा में स्थित शीतला माता मंदिर में लाखों रुपये की चोरी का मामला सामने आया है.अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी की नकदी और कीमती सामान लेकर फरार हो गए.सुबह ग्रामीणों ने मंदिर के ताले टूटे देख घटना की जानकारी पुलिस को दी.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, तथा संभावित सुराग तलाशे जा रहे हैं.घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है,पुलिस ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है.

नल से आ रहा दूषित पानी, नागरिक परेशान

▸ पटेरा वार्ड क्रमांक 2 का मामला प्रशासन ने किया निरीक्षण

नवभारत,पटेरा 18 मार्च। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 में दूषित पानी की समस्या से स्थानीय लोग काफी समय से परेशान है. नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने के कारण लोगों को पीने और घरेलू उपयोग में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस समस्या को लेकर रहवासियों ने प्रशासन से शिकायत की थी. शिकायत के बाद आज प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने पानी की गुणवत्ता की जांच की और समस्या के कारणों को समझने का प्रयास किया. निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी परेशानियां भी अधिकारियों के सामने रखीं.

प्रशासन ने दिया आश्वासन

प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा और साफपानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी. साथ ही संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं.स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करेगा, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

एक नजर में

विद्युत विभाग ने की कुर्की की कार्यवाही

नवभारत,सिंग्रामपुर। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान व कार्यपालन अभियंता एम एल साहू के निर्देशन में वितरण केंद्र जबेरा के प्रभारी महेश कुमार महतो के द्वारा राजस्व वसूली के दौरान ग्राम गेहलपुरा में रामदयाल, भगत वर्मन बकाया राशि 10250, ग्राम सुनकड मे नंद लाल/कोदू यादव बकाया राशि 11245 ग्राम सुनवराह मे कोदू, जुगराज चमार बकाया राशि 9830, ग्राम सागोडी कला में लाडली बाई, जवाहर धनगर बकाया राशि 14044,सलैया बड़ी में रामकिशन, रामदास अग्रवाल बकाया राशि 10050, मिलन सिंह, अनारी सिंह बकाया राशि 8940 रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही करते हुए एक-एक मोटर साइकिल जब्त की गई।

हिंदू नव वर्ष व राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली

नवभारत,दमोह। कलचुरी महिला समिति दमोह द्वारा हिंदू नव वर्ष प्रारंभ व राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली का कार्यक्रम होटल उत्सव विलास सागर नाका दमोह में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरू राय रही। कार्यक्रम की संयोजक डॉ सोनल संजय राय, आराधना गणेश राय इमलाई,गायत्री राय शीला राय,प्रमिला राय, सीमा सुभाष राय, मयूरी राय, आराधना धर्मेंद्र राय, पूजा राय, रूकमणि राय, अनिता राय, सविता राय, कल्पना राय, सीमा राय,सुनीता राय, शक्ति राय, मानसी राय, मेघा अकाश राय, मंजू सारीता राय, अनिता राय, पूजा मनोज राय, मेघ राय हटा, संगीता राय, निधि राय, सोनम राय, भावना शिवहरे, प्रियंका शिवहरे, रजनी राय, सीता राय की उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवियों को मार्गदर्शन प्रदान किया

नवभारत,दमोह। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होमगार्ड्स परेड ग्राउंड, भोपाल में आयोजित मप्र नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम 2026 कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रशिक्षित स्वयंसेवियों को जैकेट वितरण, सिविल डिफेन्स अध्ययन पुस्तिका का विमोचन व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर दमोह जिला एनआईसी कक्ष में कलेक्टर अनिल राठौर, पंजीकृत नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यग तथा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बंशीपुर ग्राम के पास बेसुध में मिला युवक

नवभारत,जबेरा। जबेरा थाना अंतर्गत बंशीपुर ग्राम में एक युवक मंगलवार की रात्रि से बेहोशी की अवस्था में ग्राम के पास डला हुआ था. ग्रामवासियों द्वारा डायल 112 पर कॉल किया गया, डायल 112 ड्यूटी में तैनात आरक्षक प्रशांत दुबे,पायलट विनय नायक बुधवार की सुबह 11 बजे मौके पर पहुंचे.युवक को उठाते हुए डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे. जहां पर पदस्थ डॉक्टर द्वारा युवक का इलाज जारी है.वहीं युवक की पहचान अभी नहीं की जा सकी है.युवक के होश में आने के बाद ही घटना के संबंध में जानकारी उपलब्ध हो पाएगी.

मकान के अंदर मिला कबर बिज्जू

नवभारत,दमोह। शहर के कछयाना मुहल्ला स्थित सुनील गौतम के मकान में कबर बिज्जू (हनी बेजर) होने पर मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी के निर्देशन में वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने कबर बिज्जू का सफल रेस्क्यू किया गया.वन टीम में मयंक विश्वकर्मा, भरत परोहा और भवानी यादव का योगदान रहा।

सीएमओ की बैठक का पार्षदों ने किया बहिष्कार

नवभारत,पटेरा 18 मार्च। नगर परिषद पटेरा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रेम सिंह चौहान द्वारा बुलाई गई बैठक का 15 पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया.पार्षदों ने बताया कि वे सीएमओ की कार्यप्रणाली से नाराज हैं, इसलिए बैठक में शामिल नहीं हुए. पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद के कार्यों में उनकी बातों को महत्व नहीं दिया जाता और कई विकास कार्य उनकी जानकारी के बिना ही किए जाते हैं.उनका यह भी आरोप है कि जिन स्थानों पर विकास कार्यों की आवश्यकता है, वहां अपेक्षित कार्य नहीं हो रहे हैं. पार्षदों ने कुटीर योजना को लेकर भी नाराजगी जताई. उनका कहना है कि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को कुटीर योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और इस संबंध में उनसे कोई चर्चा नहीं की जाती. वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद ने बताया कि उनके क्षेत्र में एक बिजली पोल में कई दिनों से करंट आ रहा है. इस संबंध में उन्होंने नगर परिषद में लिखित आवेदन भी दिया है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है.

ईद व नवरात्रि शांतिपूर्वक मनाने की अपील

▸ कुम्हारी थाना परिसर में बैठक आयोजित

कुम्हारी नवभारत 18 मार्च। नवरात्रि और ईद त्यौहार को लेकर बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया। इसमें थाना प्रभारी ब्रजेश पांडेय सहित जनप्रतिनिधि और सरपंच सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में दोनों त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। ईद में जुलुस निकालने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। लाईट की व्यवस्था और साफ सफाई की जिम्मेदारी सरपंच और सचिव को सौंपी गई। बैठक में नर्मदा दुबे, गणेश चौबे, रामसागर तिवारी, पुष्पेंद्र जैन उत्तम सिंह, श्यामले सिंह, जगदीश यादव, शबीर खान, बलराम सरपंच पटेरिया, ओमकार राजपूत मझौली, निर्मल जैन, प्रेम लाल आदि उपस्थित रहे।

होली पार्टी में हुए विवाद के बाद की थी हत्या

▸ पुलिस ने हथना अंधे हत्याकांड का किया खुलासा, 10 में से 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत, दमोह 18 मार्च। देहात थाना क्षेत्र की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत हथना गांव में हुए चंदू रैकवार हत्याकांड को पुलिस ने सुलझा दिया है. बुधवार शाम एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया के द्वारा हत्याकांड का खुलासा किया गया.

उन्होंने बताया कि होली की पार्टी के दौरान हुए विवाद में आरोपियों के द्वारा हत्याकांड को अंजाम दिया गया था. इस मामले में 10 आरोपी चिन्हित किए गए थे. जिसमें 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जिसमें एक नाबालिक भी है.बाकी आरोपी फरार हैं. सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और नाबालिग को किशोर न्यायालय में भेजा जा रहा है.

साइबर सेल की मदद ली गई

एडिशनल एसपी भदौरिया ने बताया कि 4 मार्च की रात 9:30 बजे सूचना प्राप्त हुई थी की हथना गांव में चंदू रैकवार की हत्या हुई है. जानकारी लगते ही देहात थाना पुलिस और सीएसपी के साथ जबलपुर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची.साक्ष्य एकत्रित किए गए. अंधे हत्याकांड में साइबर सेल की भी मदद ली गई, जिसके बाद 10 आरोपी हत्याकांड में चिन्हित हुए.

नाबालिग ने किया था चाकू से हमला

उन्होंने बताया की होली की रात आरोपी घटनास्थल के पास पार्टी कर रहे थे और कार में ही गाना बजा रहे थे. इसी दौरान मृतक चंदू रैकवार साईकिल से वहां से गुजरा तभी आरोपियों का युवक के कपड़े फाड़ने को लेकर यह विवाद हुआ था. तात्कालिक आक्रोश में आकर आरोपियों में शामिल एक नाबालिग ने चंदू पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई.

विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

नवभारत,दमोह। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष श्रीराम पटेल,मयंक श्रीवास्तव जिला मंत्री के अलावा और भी जनों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दमोह की केसीसी जमा करने की अंतिम तारीख के संबंध में और विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

बांस के झुंड में अचानक लगी आग

▸ फायर ब्रिगेड की मदद से पाया गया काबू

नवभारत,दमोह 18 मार्च। वन मंडल कार्यालय के सामने लगे बांसों के झुंड में मंगलवार शाम अचानक आग लग गई. स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया और कुछ देर बाद आग पर काबू पाया गया.

बता दें कि शहर के वन मंडल कार्यालय के सामने और कलेक्टर बंगला के नजदीक बांसों के पेड़ खड़े हुए हैं.जहां गर्मी के दिनों में घर्षण होने के कारण लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं.2 साल पहले भी कलेक्टर बंगला के समीप बांसों के झुंड में दो दिन तक लगातार आग लगी रही थी. इसके बाद इन बांस को कटवाया गया था. इसी प्रकार की घटनाएं वन मंडल कार्यालय के समीप भी घटित हुई है. मंगलवार शाम भी यहां बांसों में हुए घर्षण के कारण अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप रख लिया.

कोई जनहानि नहीं हुई

वन कर्मियों के द्वारा तत्काल ही फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद इस आग को बुझाया गया. आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन के सड़क के नजदीक बांस के झुंड में आग लगने से यहां रख टपरों में आग लगने का खतरा भी बना रहता है.

त्यौहार | कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित, जिलेवासियों को दीं आगामी पर्वों की शुभकामनाएं

त्यौहार आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ मनाए : राठौर

नवभारत, दमोह 18 मार्च। जिले में आगामी पर्व चैत्र नवरात्रि, गुडी पड़वा, झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फित्तर, रामनवमी, ज्वारे विसर्जन, महावीर जयंती, निषादराज जयंती, हनुमान जयंती, डॉ. अंबेडकर जयंती, रानी अवंती बाई जयंती, बैसाखी,गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती आदि पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई.

त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने, इस दौरान पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाएं समय पर सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अनिल राठौर ने की, जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए.

बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी

इस अवसर पर कलेक्टर राठौर ने कहा कि प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी ताकि सभी त्यौहार आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ मनाए। उन्होने कहा कई मुद्दे आपस में जुड़े होते हैं, इसलिए उनका समय रहते समाधान करना आवश्यक है, जिससे त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

व्यवस्थाएं नियमों के अनुरूप दुरुस्त की जाए

कलेक्टर राठौर ने बताया बैठक में मुख्य रूप से साफ-सफाई और सड़कों के दुरुस्तीकरण से जुड़े मुद्दे सामने आए. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगरपालिका इन समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करे. उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर बिजली के तार नीचे लटकने की समस्या पर भी चर्चा हुई. इस पर उन्होंने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं नियमों के अनुरूप दुरुस्त की जाएं.

सभी अधिकारी रहे उपस्थित

कलेक्टर श्री राठौर ने जिलेवासियों को आगामी त्यौहारों की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी. बैठक में शांति समिति के सदस्यो के साथ ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

दमोह ताम्रकार समाज के अध्यक्ष बने विवेक

▸ ताम्रकार समाज के नगर स्तर के चुनाव आयोजित

नवभारत, दमोह । विगत दिनों हैहयवंशीय ताम्रकार समाज मध्यप्रदेश के नगर स्तर के चुनाव संपन्न हुए।चुनाव अधिकारी महेन्द्र ताम्रकार ने जानकारी देते हुए बताया कि हैहयवंशीय ताम्रकार समाज मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी संतोष ताम्रकार विदिशा के निर्देशानुसार 15 मार्च को दमोह जिले के पटेरा, हटा और दमोह नगर में चुनाव संपन्न हुए।

दमोह में चुनाव अधिकारी धन्नालाल ताम्रकार सागर,पटेरा में चुनाव अधिकारी शिवराम ताम्रकार सागर और हटा में चुनाव अधिकारी महेन्द्र ताम्रकार के निर्देशन में चुनाव संपन्न कराए गए। तीनों स्थान पर अध्यक्ष, सचिव,ओर कोषाध्यक्ष का स्थानीय समाज की सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। दमोह में अध्यक्ष विवेक ताम्रकार, सचिव धर्मेन्द्र ताम्रकार और कोषाध्यक्ष चक्रेश ताम्रकार निर्वाचित हुए। पटेरा में अध्यक्ष रीतेश ताम्रकार, सचिव अंकित ताम्रकार, कोषाध्यक्ष शिवा ताम्रकार रहे।

अरविंद बने हटा नगर के अध्यक्ष

हटा नगर में अध्यक्ष अरविंद्र ताम्रकार (रिटा.शिक्षक), सचिव अनिरुद्ध ताम्रकार, कोषाध्यक्ष राजेश ताम्रकार गोलू सर्वसम्मति से चुने गए। समाज के सभी लोगों ने नए पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। चुने गय पदाधिकारी आगामी प्रदेश स्तर के चुनाव में सहभागिता कर प्रदेश अध्यक्ष को चुनेंगे।